<u>समाचार</u>

<u>बेटियॉ दो कुलों का नाम रोशन करती है–महापौर</u>

<u>(मां–बेटी सम्मेलन में शिरकत की महापौर ने)</u>

कोरबा 28 मार्च 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि बेटियॉ ईश्वर द्वारा प्रदान की गई अमूल्य सौगात है, बेटियॉ दो–दो कुलों का नाम रोशन करती हैं तथा दो–दो परिवारों में रोशनी बिखेरती है। उन्होने कहा कि आज महिलाए हर क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही हैं तथा पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी भूमिका का मजबूती से निर्वहन कर रही है।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित मां–बेटी सम्मेलन के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत तहसील कार्यालय के पीछे स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय स्थित है, जहां पर आज मां–बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, उन्होने मां सरस्वती के तेल चित्र पर पुष्पमाला का अर्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर की पुत्र वधु श्रीमती चांदनी अग्रवाल एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती संगीता सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आगे कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के द्वारा मां–बेटी सम्मेलन का आयोजन कर एक बहुत अच्छा कार्य किया गया है,

जिसके लिए मैं विद्यालय प्रबंधन को अपनी बधाई व शुभकामनाएं देती हूं। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ के संबंध में प्रस्तुत की गई नाटिका की महापौर ने प्रशंसा की तथा कहा कि निश्चित रूप से ऐसे प्रेरणास्पद कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि बेटियों की सुरक्षा के लिए हमें पूरी तरह से जागरूक रहना होगा, हम सबका यह दायित्व बनता है कि हम महिलाओं के स्वावलंबन, उनकी शिक्षा, स्वास्थ आदि की दिशा में अपनी सम्पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आवासीय विद्यालय के हास्टल में रहने वाली बालिकाओं से भेंट की तथा उनके कुशल क्षेम की जानकारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती चांदनी अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय द्वारा आयोजित मां–बेटी सम्मेलन का यह कार्यक्रम एक प्रशंसनीय पहल है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि इस सम्मेलन में उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है, उन्होने मां–बेटी संबंधों पर आधारित कविता के माध्यम से अपने आत्मीय उदगार व्यक्त किए। महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती संगीता सक्सेना ने इस मौके पर कहा कि निश्चित रूप से एक मां के दर्द को बेटियॉ बेटो से कहीं ज्यादा अच्छी तरह से समझती हैं तथा बेटियॉ मां के ज्यादा नजदीक होती हैं। उन्होने कहा कि लड़कियां आज हर क्षेत्र में आगे हैं, उन्हें और आगे ले जाने के लिए हम सबको इस दिशा में निष्ठा के साथ काम करने की आवश्यकता है। आयोजन के दौरान आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, नाटिका एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान डाइट की उप प्राचार्य श्रीमती लकडा, डी. कौशिक, रूकमणी नायर, कुसुम भारद्वाज, केशर कर्ष, सुमित्रा कंवर, रंजना यादव, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ छात्राओं के अभिभावकगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।